




BSE- 25,960.78 ▲ 195.64




NSE-8,002.30 ▲ 73.20

बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 195.64 अंक की बढ़त के साथ 25,960.78 अंक पर और निफ्टी 73.20 अंक बढ़कर 8,002.30 अंक पर बंद हुआ।

## सार समाचार

### बिना बदबूदार शौचालय बनवाएंगे बिल गेटस

**वाशिंगटन।भाषा।** टेक्नोलॉजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का फाउंडेशन भारत और अफ्रीका में गरीबों के लिए साफ सफाई और बेहतर स्वच्छता वाले शौचालय बनाने पर काम कर रहा है। 'द बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' ने इसके लिए स्विट्जरलैंड की एक परफ्यूम बनाने वाली कंपनी 'फिरमेनिक' से साझेदारी की है। यह कंपनी दुर्गंध रोकने वाला 'ब्लॉकर' तैयार करेगी जो शौचालय में पाई जाने वाली दुर्गंधों को मिटाएगा और गरीबों के लिए बेहतर सुविधाओं वाला शौचालय तैयार करेगा। गौरतलब है कि अभी करीब एक अरब लोगों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है और वे खुले में शौच करते हैं। गेट्स ने अपने ब्लॉग पर लिखा कि तीन अरब लोगों के पास शौचालय है लेकिन उससे निकलने वाले कचरे बिना ट्रिटमेंट के रहते हैं और पानी और खाद्य आपूर्ति को गंदा करते हैं।

### सरकार को लगा 4,500 करोड़ रु का चूना

**नई दिल्ली।भाषा।** सरकारी ऑडिटर कैग ने कहा है कि आयकर विभाग ने बिना जांच के बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों को 'अनियमित लाभ' दिए। इससे सरकार को 4,500 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। कैग ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के पास धारा 80 आईए के तहत कर कटौती से होने वाले राजस्व नुकसान के अर्थव्यवस्था और औद्योगिक वृद्धि पर पड़ने वाले असर का आकलन करने की कोई स्थापित व्यवस्था नहीं है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने कहा कि आयकर विभाग ने बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई कंपनियों को 'अनियमित' तरीके से कर कटौती छूट दी जिससे कर प्रभाव 4,524 करोड़ रुपए बैठता है। कैग ने कहा कि इसमें से 1,766.74 करोड़ रुपए का लाभ रिलायंस पोर्ट्स एंड टर्मिनल्स लि. को बिहार में बंदरगाह सिक्का में निजी गोदी निर्माण पर मिला।

समाचार : आर्थिकी, बाजार

# बैंकों की नकारात्मक रेंटिंग बरकरार

## नोटबंदी पर फिच ने कहा सरकारी बैंकों में पूंजी की कमी और कमजोर निवेश के कारण दबाव में होगा।

**लंदन** ■ रायटर/डेस्क

अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र की निगेटिव रेटिंग बरकरार रखते हुए मंगलवार को कहा है कि पर्याप्त पूंजी के बिना इस क्षेत्र की वित्तीय हालत डांवाडोल ही बनी रहेगी। फिच का कहना है कि पांच सौ और एक हजार रुपए के नोट पर रोक लगाने से बैंकों में जमा राशि बढ़ेगी, जिससे कर्जदार कम ब्याज दर पर कर्ज ले पाएंगे और बैंकों की पूंजी लागत कम हो जाएगी।

हालांकि, रेंटिंग एजेंसी ने साथ ही कहा है कि नोटबंदी से बैंकिग क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका ठीक-ठीक अनुमान लगाना संभव नहीं है क्योंकि बैंकों के वे कर्जदार जो नकदी पर निर्भर होंगे, वे अपना कर्ज चुका पाने में असमर्थ हो जाएंगे और इस बीच बाकी लोग अपनी जमाराशि भी निकालते रहेंगे।

नोटबंदी के मिलेजुले प्रभाव को देखते हुए एजेंसी ने अनुमान लगाया है कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र सरकारी बैंकों में पूंजी की कमी और कमजोर निवेश के कारण दबाव में होगा। रेंटिंग एजेंसी ने पहले यह कहा था कि 'बेसल 3 बैंकिंग नियमों'




के मुताबिक, भारतीय बैंकों को मार्च 2019 तक लगभग 90 अरब डॉलर पूंजी की जरूरत होगी और इस पूंजी का 80 फीसद अगले दो वित्त वर्ष में ही जुटाना होगा।

फिच के विश्लेषकों के मुताबिक, भारतीय बैंकों को फिलहाल पूंजी की सख्त जरूरत है। रेंटिंग एजेंसी ने साथ ही उम्मीद जताई है कि जोखिम में फंसे कर्ज के मामलों में कमी आएगी।

### इक्रा ने वृद्धि दर अनुमान घटाया

**नई दिल्ली।भाषा।** नोटबंदी का आर्थिक कार्यों पर फौरी असर होने के बीच क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने 2016-17 में जीडीपी वृद्धि दर के अपने अनुमान को 0.40 फीसद घटाकर 7.5 फीसद कर दिया। एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि 2016-17 की दूसरी तिमाही में भारत के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की वृद्धि दर 7.2 फीसद रहेगी। पिछले साल इसी तिमाही की तुलना में यह मामूली कम होगी। इसमें कहा गया है कि नोटबंदी के आर्थिक गतिविधियों पर फौरी असर को ध्यान में रखते हुए उसने जीडीपी व जीवीए वृद्धि संबंधी अपने अनुमान में 0.40 फीसद कमी कर क्रमशः 7.5 फीसद और 7.3 फीसद किया है। वक्तव्य में कहा गया है इक्रा को चालू वित्त वर्ष के दौरान कृषि, वानिकी और मछली पालन क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है और दूसरी तिमाही में क्षेत्र की वृद्धि दर 5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। एक साल पहले दूसरी तिमाही में इस क्षेत्र में दो फीसद वृद्धि दर्ज की गई। एजेंसी के मुताबिक जुलाई-सितंबर तिमाही में औद्योगिक वृद्धि कुछ कम होकर 5.5 फीसद रहने का अनुमान है। एक साल पहले दूसरी तिमाही में यह 6.3 फीसद रही थी। सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर भी नरम होकर 8.7 फीसद रहने का अनुमान है। एजेंसी ने आगे कहा है कि बैंकों में अधिक जमा पूंजी एकत्रित होने से जमा और कर्ज की दरों में कमी आएगी। इसका मौजूदा कर्जदारों पर भी अनुकूल असर होगा जबकि दूसरी तरफ बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा पिछले दो सप्ताह के दौरान बांड प्राप्ति में भी काफी नरमी देखने को मिली है। इससे केंद्र और राज्यों को बांड के जरिये बाजार से अतिरिक्त धन जुटाने में ब्याज भुगतान का बोझ कम होगा।

### एयर इंडिया के खिलाफ शिकायतें

**नई दिल्ली।वार्ता।** अक्टूबर में एक बार फिर घरेलू हवाई यात्रियों की सबसे ज्यादा शिकायतें सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के खिलाफ आईं। दूसरी ओर सबसे कम शिकायत नई विमान सेवा कंपनी विस्तारा के खिलाफ दर्ज की गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एयर इंडिया के खिलाफ प्रति 10 हजार यात्री 2.4 शिकायतें आईं जबकि विस्तारा के खिलाफ प्रति 10 हजार यात्री महज 0.2 शिकायतें मिलीं। इस मामले में एयर इंडिया के बाद सबसे खराब प्रदर्शन जेट एयरवेज (जेटलाइट समेत) और एयरकार्निवल का रहा। वहीं, विस्तारा के बाद प्रति यात्री सबसे कम शिकायत इंडिगो और एयर एशिया के खिलाफ दर्ज की गईं। कुल शिकातयों में सबसे ज्यादा 28.1 प्रतिशत ग्राहक सेवा को लेकर रही। फ्लाइट की समस्या को लेकर 26.5 फीसद, बैगेज को लेकर 18.5 फीसद, कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर 11.3 फीसद और रिफंड को लेकर 6.8 फीसद शिकायत आई।

## ऑक्सीजन देगी ईबे का ऑफलाइन पेमेंट सेवा

**नई दिल्ली** ■ वार्ता/डेस्क

नोटबंदी के मद्देनजर कैश ऑन डिलिवरी सेवा बंद किए जाने से ऑनलाइन कारोबार में आई कमी के बीच भुगतान सॉल्युशन कंपनी ऑक्सीजन सर्विसेज ने अपने रिटेल टच प्वाइंटों के माध्यम से ऑनलाइन मार्केटप्लेस ईबे इंडिया को ऑफलाइन भुगतान सेवा उपलब्ध कराने के लिए करार किया है। ऑक्सीजन ने मंगलवार को यहां जारी बयान में बताया कि इस करार के तहत उसने एक खास ऑनलाइन टु ऑफलाइन सॉल्यूशन पेश की है जो उपभोक्ताओं को मोबाइल वॉलेट पेमेंट सॉल्यूशन के साथ ईबे इंडिया से जोड़ता है। अब ऐसे ग्राहक जिनके पास क्रेडिट या डेबिट कार्ड नहीं है वे भी ऑनलाइन खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक ऑक्सीजन समर्थित आउटलेट पर जाकर कंप्यूटर या स्मार्टफोन के जरिये ईबे पर उपलब्ध उत्पादों के ऑर्डर देकर ऑफलाइन भुगतान कर सकेंगे।

ईबे इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक लतीफ नथानी ने इस भागीदारी पर कहा कि अब देश डिजिटल लेनदेन की ओर तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में नॉन-डिजिटल ग्राहकों के लिए तेज और सुरक्षित भुगतान साधनों की जरूरत महसूस की जा रही है।

## बाजार में तेजी, सेंसेक्स 196 अंक चढ़ा

**मुंबई** ■ वार्ता/डेस्क

अमेरिकी बांड की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना से प्रमुख एशियाई बाजारों में आई तेजी के बल पर मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स लगातार छह कारोबारी दिवसों की गिरावट से उबरते हुए 195.64 अंक चढ़कर 25,960.78 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 73.20 अंक चढ़कर आठ हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर 8,002.20 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और घरेलू बाजार में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स 163.02 अंक की बढ़त के साथ 25,928.16 अंक पर खुला और कुछ देर बाद ही 26,039.70 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 25,765.51 अंक के निचले स्तर तक भी उतरा। कारोबार समाप्ति पर 0.76 फीसद की बढ़ोतरी के साथ 25,960.78 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी इसी तरह 60.05 अंक की तेजी के साथ 7,989.15 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 8,019.05 अंक के दिन के उच्चतम और 7,938.15 अंक के निचले स्तर से होता हुआ कारोबार समाप्ति पर 0.92 फीसद की बढ़त के साथ 8,002.20 अंक पर बंद हुआ। मंझोली कंपनियों की तुलना में



मंगलवार को छोटी कंपनियों में लिवाली का अधिक जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 1.39 फीसद यानी 163.19 अंक की तेजी से 11,897.52 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का स्मॉलकैप 1.16 फीसद यानी 132.99 अंक की बढ़त के साथ 11,626.80 अंक पर बंद हुआ।

अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 1,310.82 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। अन्य एशियाई बाजारों में चीन, हांगकांग, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, ताइवान के बाजार 0.20 से 1.3 फीसद के लाभ से बंद हुए। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार भी उपर चल रहे थे। बीएसई मिडकैप में 1.39 फीसद और स्मॉल कैप में 1.6 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 लाभ में रहे जबकि 7 में गिरावट रही। मारुति का शेयर 2.97 फीसद चढ़ गया।

बजाज आटो में 2.89 फीसद, हिंद यूनिलीवर में 2.54 फीसद, हीरो मोटोकार्प में 2.35 फीसद, अडाणी पोर्ट्स में 2.10 फीसद, विप्रो में 1.87 फीसद, एचडीएफसी में 1.82 फीसद, टाटा मोटर्स में 1.75 फीसद, टाटा स्टील में 1.74 फीसद, भारती एयरटेल में 1.52 फीसद, एमएंडएम में 1.50 फीसद, एक्सिस बैंक में 1.17 फीसद, ल्यूपिन में 1.09 फीसद और रिलायंस में 1.03 फीसद लाभ रहा।

कारपोरेट हलचल/ कंपनियां/ बैंक

## अमेरिका के पूर्व वित्तमंत्री नोटबंदी से असहमत

**वाशिंगटन** ■ आईएएनएस/डेस्क

अमेरिका के पूर्व वित्तमंत्री लारेंस एच. समर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नोटबंदी अभियान की तीखी आलोचना की है।

उन्होंने अव्यवस्था का कारण बने इस अभियान के बाद में लाभ को लेकर न सिर्फ संदेह जताया, बल्कि उन्हें ऐसा लगा है कि इससे लोगों का सरकार में भरोसा उठ गया है। यहीं नहीं यह उपाय भ्रष्टाचार रोकने में भी सक्षम नहीं है।

समर्स ने हार्वड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की शोध छात्रा नताशा सरिन के साथ एक ब्लॉग में यह लिखा है। इसमें कहा गया है कि इस कदम ने अराजकता की स्थिति पैदा कर दी है और यह मुक्त समाज की भावना के खिलाफ है। यह कदम किसी निर्दोष व्यक्ति को सजा देने और कई अपराधियों को मुक्त कर देने का पक्ष लेता है।

ब्लॉग में 1000 और 500 रुपए के नोट बंद करने की नाटकीय कार्रवाई पर हैरत जताते हुए कहा गया है कि यह दशकों में दुनिया में कहीं भी मुद्रा नीति में हुआ सबसे व्यापक बदलाव है। इसमें कहा गया है कि ऐसा होने वाला है कि जिन लोगों ने नोट अभी रखे हैं, उनका कोई मोल नहीं रह जाएगा।

इसकी वजह से भारत में खलबली और अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई है। छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी जो अपना अधिकतर व्यवसाय नकदी से ही करते हैं, उनकी दुकानें वीरान नजर आ रही हैं। आम भारतीयों का पिछला हफ्ता पुराने नोट बदले जाने की उम्मीद में बैंकों के सामने ही खड़े गुजरा।

समर्स ने कहा है कि भारत में बहुत सारे लोगों के पास बहुत अधिक अवैध कमाई से कमाई नकदी है। इससे उनकी संपत्ति जब्त कर लिए जाने के लिए जांच होने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भी लोग हैं, जिन्होंने वैध तरीके से संपत्ति जमा की है, उन्हें नोट बदलवाने में डरने की कोई बात नहीं है।

पूर्व वित्तमंत्री का कहना है कि क्या व्यापारिक काम में लंबे समय से जो भारत में प्रचलन में है, उसमें क्या अवैध या भ्रष्टाचार है, इसकी परिभाषा खुली बहस का मुद्दा है।

इसमें यह भी आशंका जताई गई है कि अवैध तरीके से जमा धन का अधिकांश हिस्सा नकदी नहीं, बल्कि विदेशी मुद्रा, सोना या किसी अन्य रूप में जमा है।

## 30,000 करोड़ रु का होगा मोबाइल वॉलेट बाजार

**बेंगलुर।भाषा।** देश का मोबाइल वॉलेट बाजार सालाना 141 फीसद की दर से बढ़कर 2021-22 तक 30,000 करोड़ रुपए पर पहुंच जाएगा। एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है। एसोसिएसटेड चैंबर्स ऑफ कार्मस एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया और शोध कंपनी आरएनसीओएस के अध्ययन के मुताबिक 2015-16 से 2021-22 के दौरान यह क्षेत्र मुख्य रूप से स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल, मोबाइल इंटरनेट पहुंच बढ़ने, ई-कार्मस क्षेत्र की वृद्धि और खर्च योग्य आय बढ़ने की वजह से आगे बढ़ेगा। देश का एम-वॉलेट बाजार 2015-16 में 154 करोड़ रुपए था।

## एलएंडटी को मिले 1,926 करोड़ के ऑर्डर

**मुंबई।वार्ता।** इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी की निर्माण इकाई को कई श्रेणियों में कुल 1,926 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि ऊर्जा पारेषण और वितरण क्षेत्र में उसे 571 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं। इसमें केंद्र सरकार की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और समेकित ऊर्जा विकास योजना के तहत बिजलीकरण का काम शामिल है। इसके अलावा ओडिशा ऊर्जा पारेषण निगम से बिजलीकरण और एक बड़े क्लाइंट से उत्तराखंड व राजस्थान में सोलर पीवी प्लांट लगाने के लिए भी ऑर्डर मिले हैं। बिल्डिंग और फैक्ट्री क्षेत्र से उसे बिहार चिकित्सा सेवा और अवसंरचना निगम की तरफ से 514 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। इसके तहत उसे एक मेडिकल कॉलेज और 500 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण करना है। इसमें भवन निर्माण के अलावा पारा मेडिकल उपकरणों और फर्नीचरों की खरीद और परिसर के बाहरी विकास का भी उसे करना है। ओडिशा सरकार के ग्रामीण जलापूर्ति और सैनिटेशन बोर्ड से ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए नया ऑर्डर और कुछ पुराने ठेकों में अतिरिक्त ऑर्डरों के साथ कंपनी को जलापूर्ति और जलशोधन क्षेत्र में 397 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं। मेटल कारोबार में 298 करोड़ और भारी अवसंरचना निर्माण में 146 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं।

## व्यापार मेले में पेटीएम की सुविधा

**नई दिल्ली।भाषा।** नोटबंदी की परेशानी के चलते यहां प्रगति मैदान में लोगों को कैसलेस लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराने में मदद देने में एक कंपनी अहम भूमिका निभा रही है। यहां लोगों को प्लास्टिक आधार कार्ड और नए आधार कार्ड के पंजीकरण की सुविधा देने के लिए कंपनी ने कई जगहों पर स्टॉल लगाए हैं। इन स्टॉलों में अब तक 5,000 से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है।

इसके साथ ही इन स्टॉलों पर इलेक्ट्रानिक-केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) टेक्नोलॉजी के माध्यम से ग्राहकों को पेटीएम सुविधा भी दी जा रही है। केवाईसी आधारित पेटीएम खातों से ग्राहक एक लाख रुपए तक का पेमेंट कैसलेस तरीके से कर सकते हैं।

देशभर में लोगों को ई-गर्वनेंस की सुविधा देने वाली कंपनी अलंकित लिमिटेड ने यहां फूड कोर्ट, हैंडलूम पवेलियन, कैंटीन, फुलवारी जैसे ज्यादा भीड़ जुटने वाली जगहों के बाहर अपने स्टॉल लगाए हैं।

## प. यूपी,उत्तराखंड में वोडाफोन देगी 4जी सेवा

**नई दिल्ली।भाषा।** दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनी वोडाफोन इंडिया ने पश्चिबमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपने ग्राहकों के लिए 4जी नेटवर्क सिम की उपलब्धता की घोषणा की है। कंपनी क्षेत्र में जल्द ही 4जी नेटवर्क की औपचारिक शुरुआत करेगी। कंपनी ने कहा है कि पश्चिकमी यूपी - उत्तराखंड सर्किल के उसके उपभोक्ता क्षेत्र के स्टोरों से 4जी योग्य स्मार्टफोन होने पर 2जीबी निःशुल्क डेटा की आकर्षक पेशकश के साथ 4जी सिम का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इसके उपभोक्ताओं के लिए 4जी सिम सर्कल के सभी वोडाफोन स्टोर्स, वोडाफोन मिनी स्टोर्स और 7,000 से अधिक मल्टीब्रांड बिक्री केंद्रों में निशुल्क उपलब्ध होगा।

वोडाफोन के उत्तर प्रदेश-पश्चिमि और उत्तराखंड के कारोबार प्रमुख दिलिप कुमार गंटा ने कहा कि वोडाफोन उत्तर प्रदेश-पश्चिशम और उत्तराखंड में अग्रणी दूरसंचार सेवा कंपनी है। 'इस सर्किल के हमारे 1.15 करोड़ उपभोक्ताओं को हमसे बड़ी उम्मीदें हैं। हमने 4जी सिम लेने के बाद ग्राहकों के लिए 2जीबी डेटा निशुल्क देने की पेशकश की है ताकि उपभोक्ताओं को इसके लाभ का बेहतर अनुभव मिल सके।'

प्री-पेड ग्राहकों को 10 दिन के लिए 2जीबी निशुल्क डेटा उपलब्ध कराया जाएगा जबकि पोस्ट पेड ग्राहकों को एक बिल चक्र के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी। कंपनी ने कहा है कि दिल्ली में हालांकि, कंपनी की 4जी सेवा काफी पहले शुरू की जा चुकी है लेकिन उसके ऐसे ग्राहक जिन्होंने अभी तक 4जी सिम नहीं लिया है, वह भी 4जी सिम प्राप्त कर सकते हैं और उन्हें भी 2जीबी निशुल्क डेटा कंपनी की तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा।


## VINAYAK VANIJYA LIMITED

**CIN: L52110DL1985PLC020109**

**Registered Office :** Flat No.28, Stilt Floor, Devika Tower, 6, Nehru Place, Delhi-110019, Ph.: 011-4367 5500

**Email:** vvanijya1985@gmail.com, **Website:** vinayakvanijya.com

**Extract from the Un-audited Financial Results for the Quarter ending on 30th September, 2016**

(Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | 3 months period ended | Preceding 3 months ended | Corresponding 3 months ended | Year to date figures for current period ended | Year to date figures for previous period ended | Previous year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30/09/2016 | 30/06/2016 | 30/09/2015 | 30/09/2016 | 30.09.2015 | 31.03.2016 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations (net) | 0.00 | 0.85 | 0.00 | 0.85 | 0.00 | 6.97 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax and Minority Interest | -1.48 | -7.70 | -0.55 | -9.18 | -1.06 | 0.37 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period after tax and Minority Interest (after Extraordinary Items) | -1.48 | -7.70 | -0.55 | -9.18 | -1.06 | 3.60 |
| 4. | Paid Up Equity Share Capital | 99.6 | 99.6 | 99.6 | 99.6 | 99.6 | 99.6 |
| 5. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 87.27 |
| 6. | Earning Per Share (E.P.S.) | | | | | | |
| | Basic & Diluted EPS before Extraordinary items: | -0.15 | -0.77 | -0.06 | -0.92 | -0.11 | 0.36 |
| | Basic & Diluted EPS after Extraordinary items: | -0.15 | -0.77 | -0.06 | -0.92 | -0.11 | 0.36 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the Qtrly Financial results filed with the Stock Exchanges under reg. 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 & were reviewed by Audit Committee and were thereafter approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 12th November, 2016.
2. The full format of the Qtrly Financial results for the Quarter & Nine months ended on 30th September, 2016 are available on the Company's website at (vvanijya1985@gmail.com)

For **Shinewell Leasing Limited**
Sd/-
**Ankit Aggarwal**
**(Whole Time Director)**
**DIN: 00385982**

**Date :**12.11.2016
**Place :** New Delhi

## SHINEWELL LEASING LIMITED

**CIN: L65910DL1984PLC019329**

**Regd. Off:** Flat No.216-B, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi-110019, Ph.: 011-4367 5505

**Email:** shinewell1984@gmail.com, **Website:** www.shinewellleasing.com

**Extract from the Un-audited Financial Results for the Quarter ending on 30th September, 2016**

(Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | 3 months period ended | Preceding 3 months ended | Corresponding 3 months ended | Year to date figures for current period ended | Year to date figures for previous period ended | Previous year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30/09/2016 | 30/06/2016 | 30/09/2015 | 30/09/2016 | 30.09.2015 | 31.03.2016 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations (net) | 0.11 | 0.11 | 0.11 | 0.22 | 0.22 | 3.75 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax and Minority Interest | -6.60 | -1.70 | -0.40 | -8.30 | -0.72 | 7.08 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period after tax and Minority Interest (after Extraordinary Items) | -6.60 | -1.70 | -0.40 | -8.30 | -0.72 | 7.05 |
| 4. | Paid Up Equity Share Capital | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 5. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | -9.60 |
| 6. | Earning Per Share (E.P.S.) | | | | | | |
| | Basic & Diluted EPS before Extraordinary items: | -2.65 | -0.68 | -0.16 | -3.33 | -0.29 | 2.83 |
| | Basic & Diluted EPS after Extraordinary items: | -2.65 | -0.68 | -0.16 | -3.33 | -0.29 | 2.83 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the Qtrly Financial results filed with the Stock Exchanges under reg. 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 & were reviewed by Audit Committee and were thereafter approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 12th November, 2016.
2. The full format of the Qtrly Financial results for the Quarter & Nine months ended on 30th September, 2016 are available on the Company's website at (www.shinewellleasing.com)

For **Shinewell Leasing Limited**
Sd/-
**Ranjit Singh**
**(Whole Time Director)**
**DIN: 07524007**

**Date :**12.11.2016
**Place :** New Delhi